**खबर संक्षेप**

### दीवार पर लेखन कार्य कर जगा रहे अलख

**नारायणगंज।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड नारायणगंज के मेंटर द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जल है तो कल है साथ ही सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं लगातार जल बचाओ अभियान में ग्राम ग्राम में चौपाल का आयोजन कर जल स्रोतों के पास साफ सफाई एवं जल संरक्षण हेतु सभी को जानकारी दिया जा रहा है की आने वाले समय में जल संकट हमारे सामने पैदा ना हो जाए इसलिए जल्द समस्याओं से निपटने के लिए हमें पूर्ण की तैयारी कर जल बचाओ अभियान में सभी को सहयोग कर इसको सफल बनाना है मेंटर सुरेश कुमार सोनी व सहयोगी साथी एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है।

### सीईओ जिला पंचायत ने देवरीकला में निर्माणाधीन पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शनिवार को ग्राम पंचायत देवरीकला प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत बन रहे घरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री कूमट ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा हो। उन्होंने लाभार्थियों से भी बातचीत की और उन्हें आवास निर्माण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

## निजी प्रेक्टिस के बाद भी डॉक्टरों पर कोई अंकुश नहीं

# अस्पतालों की अव्यवस्थाओं पर भड़का जनाक्रोश

*** जब चिकित्सक ही लड़ेगा तो उपचार कौन करेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले में सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस और अस्पतालों की बदहाली को लेकर जनता में गहरा आक्रोश पनप रहा है। सरकारी सेवा में रहते हुए भी निजी अस्पतालों से मोटी कमाई करने वाले कुछ डॉक्टरों ने चिकित्सा पेशे की गरिमा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी दोनों यदि डॉक्टर हैं और सरकारी नौकरी के साथ निजी क्लिनिक या अस्पताल चला रहे हैं, तो उनकी मासिक आमदनी 15 से 20 लाख रुपए तक पहुंच रही है। इसके बावजूद लालच का अंत नहीं हो रहा।



मरीजों को सरकारी अस्पताल से निजी क्लिनिक रेफर करना अब एक आम प्रथा बन चुकी है। अनेक मामलों में ऐसे रोग, जिनका इलाज 1000 रूपये में संभव है, उन्हें 50,000 रूपये तक में निपटाया जा रहा है। डॉक्टरों की सेटिंग मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी और निजी संस्थानों के साथ इतनी गहरी है कि मरीज चाहकर भी सिस्टम से बाहर नहीं निकल सकता। सबसे चिंताजनक बात यह है कि गंभीर मरीजों और उनके परिजनों के साथ इनका व्यवहार अत्यंत अमानवीय होता जा रहा है।

इस सबके बीच शुक्रवार को हुई एक घटना ने पूरे जिले को हिला कर रख दिया। एक युवक को फांसी लगाने के प्रयास के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान युवक के भाई और अस्पताल गार्ड के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। आरोप है कि गार्ड को थप्पड़ मारने के बाद डॉक्टर, स्टाफ, पुलिसकर्मी और निजी सुरक्षा गार्डों ने युवक के भाई की बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान गंभीर रूप से पीड़ित युवक की मृत्यु हो चुकी थी अस्पताल के गार्ड, वार्ड बॉय सहित अन्य कर्मचारियों ने यहां तक कि चिकित्सकों ने भी मृतक के परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया उनके साथ मारापीटी की जो कि वीडियों में स्पष्ट नजर आती है।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। अस्पताल की अव्यवस्थाओं और स्टाफ के अभद्र व्यवहार को लेकर पहले से ही शिकायतें थीं लेकिन अब स्थिति विस्फोटक हो गई है। आम नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को लेकर एक बड़ी बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ डॉ. के.सी. सरोते को जांच के आदेश दिए हैं। सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे से विस्तृत जानकारी लेकर वीडियो फुटेज भी जांच में शामिल किए गए हैं। कलेक्टर का कहना है कि जांच के बाद सच्चाई सामने लाई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अब समय आ गया है कि जनता चुप्पी तोड़कर इस शोषण और अव्यवस्था के खिलाफ एकजुट हो। चिकित्सा पेशे को पुनः सम्मानजनक बनाने और सरकारी अस्पतालों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जरूरत है।

शासन द्वारा भरपूर आवंटन देने के बावजूद नई-नई बेमिसाल मशीनों के उपलब्ध होने के बाद भी लोगों को उपचार का सहारा नहीं मिल पा रहा उलट उन्हें गुंडागर्दी झेलना पड़ रही है।

## आतंकवाद के खिलाफ लगाए नारे किया पाकिस्तान का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर में विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग बल) के तत्वाधान में शनिवार को सनातन हिन्दू समाज द्वारा कश्मीर (पहलगाम) में 22 अप्रैल 2025 को हुए हिन्दू नरसंहार के विरोध में न्यायिक दंडाधिकारी बिछिया को महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा निर्दोष 28 हिन्दुओं का धर्म पूछकर गोली मारकर नृशंस हत्या की गई, जिससे देश तथा दुनिया का संपूर्ण हिंदू समाज आहत है। विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) बिछिया के नेतृत्व में स्थानीय एवं आसपास के ग्रामों से आए हुए सनातनी हिन्दुओं ने विनोद रंगमंच, रामलीला मैदान, भुआबिछिया में एकत्रीकरण किया गया। तत्पश्चात विरोध स्वरूप विनोद रंगमंच से पैदल मार्च कर गांधी चौराहा भुआ बिछिया में आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। पुलिस थाना प्रांगण बिछिया में न्यायिक दंडाधिकारी बिछिया को महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद जिला बिछिया अंतर्गत सभी पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक, ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए सनातनी बंधु, मातृशक्तियां, मीडियाकर्मी आदि सभी उपस्थित रहे।



### सीईओ जिला पंचायत ने किया खेत-तालाब का निरीक्षण



**मण्डला।** नारायणगंज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ग्राम मुकासखुर्द में खेत तालाब के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत ब्लॉक के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रारंभ करवाएं। खेत तालाब की संरचनाओं के निर्माण के साथ-साथ अमृत सरोवर और डकवेल के कार्य भी कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाकर हमें वर्षा जल का अधिक से अधिक संचय करना है। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होने हितग्राहियों से बात कर उन्हें बहुउद्देशीय खेती अपनाने की सलाह दी।

## उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा पर विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



महिष्मति माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति मंडला प्रत्येक पैदल उत्तरवाहिनी परिक्रमा करने वालों को प्रशस्ति पत्र किसी विशिष्ट व्यक्ति द्वारा प्रदान कराती हैं। कल सायं इस वर्ष का 4वां एवं अंतिम समूह के 5 परिक्रमावासियों को जिला अस्पताल मंडला के अस्थि रोग शल्य चिकित्सक डॉ. हेमेन्द्र सिंह चौहान व गौंडी पब्लिक ट्रस्ट के मेनेजिंग ट्रस्टी विजय अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र व नर्मदा मां का मानचित्र भेंट दिया गया।

ऐसी मान्यता हैं कि चैत्र महिने में उत्तरवाहिनी प्रवाह की परिक्रमा करने से पूर्ण परिक्रमा का पुण्य मिलता हैं, अतः इस वर्ष महिष्मति मंडला में उत्तरवाहिनी परिक्रमा करने के निमित्त लगभग 14 अन्य राज्यों से लगभग 1200 और 9 लोग विदेशों से मंडला आये।

यह उत्तरवाहिनी परिक्रमा का क्रम विगत 4 वर्ष पूर्व ही प्रारंभ हुआ। पतित पावनी माँ की कृपा और भगवान व्यास नारायण महादेव की कृपा से यह उत्तरवाहिनी परिक्रमा अपनी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पहचान बना चुका हैं।

## नरायणगंज विकासखंड में मनाया गया डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

दिनांक 27 अप्रैल 2025 को विकासखंड नारायणगंज सीएम राइस स्कूल में भारत रत्न, बोधी सत्व, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 24 अप्रैल से 29 अप्रैल तक मनाया जाने के आदेश के अनुपालन में विकासखंड नारायणगंज में कल दिनांक को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आसाराम भारतीय जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं चरण लाल झरिया बी.ए.सी. के गरिमा में उपस्थिति में बाबा साहब के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम की रूपरेखा विकासखंड समन्वयक अनिल मेहरा के द्वारा प्रस्तुत किया गया अध्यक्ष के उद्बोधन में आसाराम भारतीय के द्वारा बाबा साहब की जीवन संघर्षों और उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य जिसमें संविधान के निर्माण में बाबा साहब के योगदान के विषय में चर्चा की गई बाबा साहब द्वारा रचित बहुत रचनाओं की चर्चा करते हुए आसाराम भारतीय ने बताया कार्यक्रम का संचालन राकेश अग्रवाल जी ने किया सभी परामर्शदाता सुरेश कुमार सोनी, वीरेंद्र अग्रवाल, कृष्ण कुमार, चंद्र कला और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**अभ्यास वर्ग** | **कल्याण आश्रम में पूर्ण कालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का आयोजन।**

# जनजाति समाज के सर्वांगींण विकास का मिशन

*** 13 प्रबंधकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






वनवासी विकास परिषद महाकौशल के द्वारा पूर्ण कालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का आयोजन 22 अप्रैल से 25 अप्रैल तक वनवासी विकास परिषद एकलव्य बालक छात्रावास कल्याण आश्रम भुआ बिछिया में किया गया। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ रामचन्द्रन्या अखिल भारतीय प्रशिक्षण प्रमुख, राजेन्द्र मादला अखिल भारतीय श्रृद्धा जागरण प्रमुख, सुभाष बडोले क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्य क्षेत्र अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, प्रांत संगठन मंत्री किशोरी लाल यादव वनवासी विकास परिषद, जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार डेहरिया के द्वारा किया गया। यहां पर प्रभु श्रीराम, भारत माता, बाला साहब देश पांडे, भगवान बिरसा मुंडा, स्व. जगदेव राम उराव के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया गया और वर्ग का शुभारंभ हुआ। यहां पर 20 जिला के 70 कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूर्ण कालिक कार्यकर्ता जिला विभाग संगठन मंत्री, प्रांत संगठन मंत्री, प्रांत अमाम प्रमुख, क्षेत्र संगठन मंत्री, क्षेत्र अमाम प्रमुख, अखिल भारतीय आयाम प्रमुख, 13 प्रबंधकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पूर्ण कालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग कार्यक्रम समापन में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय श्रृद्धा जागरण प्रमुख राजेन्द्र मादला, सुभाष बडोले क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्य क्षेत्र अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, हित रक्षा प्रमुख अजय सिंह प्रांत संगठन मंत्री, तुलसी तिवारी, प्रांत सह संगठन मंत्री केन्द्रीय टोली सदस्य कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके, किशोरी लाल यादव वनवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार डेहरिया, बनवासी विकास परिषद जिला उपाध्यक्ष जगत मरावी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चार दिवसीय अभ्यास वर्ग में उपस्थित पूर्ण कालिक कार्यकर्ताओं को वनवासी विकास परिषद महाकौशल के द्वारा समाज हित, देश हित में किए जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया वहीं वनवासी विकास परिषद की मुख्य धारा जो समाज के हर वर्ग को जोडऩे की रहती है इस पर विचार व्यक्त किए गए। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को स्मृति के रूप में डायरी पेन व बैग प्रदान किए गए। इस दौरान अखिल भारतीय श्रृद्धा जागरण प्रमुख राजेन्द्र मादला ने कहा कि वनवासी विकास परिषद जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए काम करती है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, संस्कृति, और सामाजिक उत्थान शामिल है। यह संगठन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाता है, जैसे कि छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, कृषि विकास केंद्र, और सांस्कृतिक जागरूकता केंद्र, जिससे जनजातीय लोगों के जीवन में सुधार हो सके। वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुभाष बडोले ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम भारत के जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए काम करने वाला एक पंजीकृत सामाजिक संगठन है। यह संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, मानव संसाधन विकास, महिला सशक्तिकरण, और खेल के क्षेत्र में भी काम करता है। यह संगठन जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास को अपना मिशन मानता है और भारत के 90 प्रतिशत से अधिक जनजाति जिलों तक पहुंच गया है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वनवासी कल्याण आश्रम के अनुभव और अपनी सदस्यता के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों को सामग्री का वितरण भी किया गया।

## काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल में नए सत्र के ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल उत्तरायण, वैशाख मास, ग्रीष्म ऋतु, रविवार एवं अमावस्या पर्व के पावन संयोग पर काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल में सन् 2025 सत्र में आए नवागत बटुक ब्रह्मचारियों का आचार्य भीमदेव जी के ब्रह्मत्व में विधिपूर्वक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ।

इस पावन उपनयन संस्कार में ब्रह्मचारियों को यज्ञोपवीत धारण कराया गया, जो कि विद्या, तप और ज्ञान का प्रतीक है। यज्ञोपवीत ब्रह्मचारी को स्मरण कराता है कि वह ऋषि ऋण, देव ऋण एवं पितृ ऋण से ऋणी है, जिनसे उऋण होना ही जीवन का लक्ष्य है।



संस्कार के पश्चात ये नवदीक्षित ब्रह्मचारी गुरुकुल में रहकर वेद, वेदांग, उपनिषद, स्मृति, पुराण आदि ऋषि-प्रणीत ग्रंथों का अध्ययन-अध्यापन करेंगे। साथ ही, सत्य सनातन वैदिक धर्म, राष्ट्र, एवं गौ माता की रक्षा के पथ पर अग्रसर रहेंगे।

गुरुकुल परिवार की ओर से सभी नवागत ब्रह्मचारियों का हर्षपूर्वक स्वागत किया गया। साथ ही, उनकी शिक्षा, आवास व भोजन की व्यवस्था हेतु जो श्रद्धालुजन दान देकर सहयोग कर रहे हैं, गुरुकुल परिवार उन सभी धार्मिक महानुभावों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है।

# मात्र तीन साल पहले बनी हुई भौरझिर से घघरौला डामर सड़क पर दिखाई देने लगे गड्ढे.., सच्चाई छिपाने के लिये थेगरा लगाने की हुई शुरूआत






**खुलरी।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा गांव गांव पक्की सड़को कि निर्माण को लेकर हर वर्ष इस सोच के चलते करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है कि गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण होने से जहां ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा होगी तो दूसरी ओर ग्रामीण बेरोजगार युवा शहर से जुडने के कारण रोजगार स्थापित कर लेगे। मगर इस सोच को निश्चित तौर से सरकारी धन की होली खेलने वाले अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा किस तरह ग्रहण लगाया जाता है कि लाखों रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क जहां चंद दिनों की मेहमान साबित होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर गांवों में जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये सड़को का निर्माण कार्य किया जाता है उसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये पास किये जाने का परिणाम है कि सड़क निर्माण के नाम पर शासन की राशि की खुलेआम होली खेलते हुये दिखाई देने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम भौरझिर से ग्राम घघरौला पटना तक बनी हुई डामरीकृत सड़क को देखते हुये जान पड़ रह है? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य कुछ वर्ष पहले हुआ था। मगर अपने निर्माण के चंद दिनों के उपरांत सड़क टूट जाने की सच्चाई को बीते हुये तीन वर्ष पहले हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद इस सड़क के मजबूती करण के नाम पर राशि स्वीकृत होने के बाद पुनः इस सड़क का निर्माण बीते हुये वर्ष हुआ है। खैर मौके पर लगा हुआ वोर्ड इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर कुछ और ही बता रहा है? मगर ग्रामीणों ने चर्चा करते हुये बताया है कि लगभग दो तीन साल पहले ग्राम भौरझिर से घघरौला तक डमरीकृत सड़क का निर्माण किया गया है। इस तरह इस सड़क के निर्माण को अभी मुश्किल से दो साल का समय ही बीत पाया है और जिस प्रकार से इस सड़क में जहां तहां गड्ढे निकलना शुरू हो गया था और अब सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नही आने से नही चूक रहे है जिसके चलते यह गड्ढे सड़क निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है? वही दूसरी ओर इस समय देखा जा रहा है कि मात्र अपना दूसरा जन्म दिन मनाने वाले इस सड़क पर निकल रहे गड्ढो की सच्चाई को छिपाने के लिये सड़क पर थेगरा लगाना जरूर शुरू कर दिया गया है। अब देखना है कि यह थिगराऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक साथ देने में सफल हो पाती है..? इस तरह सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये जिस तरह इस सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसका परिणाम है कि सड़क चंद दिनों में ही उखड़ना शुरू हो गया है। मगर इस में हैरत की बात है कि इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी उनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये सरकार द्वारा जिस तरह ग्रामीणों को पक्की सड़को की सौगात प्रदान करने का जो सपना संजोया गया है उसे ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद माह उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की निष्ठावान अध्किारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब छोटे से लेकर बड़े अधिकारी इस तरह होने वाले गफलतबाजी की गंगा में सोंझाआई का गोता लगा रहे होगे तो फिर ईमानदारी से जांच की उम्मीद कैसी की जा सकती है? यह बात अलग है कि किसी भी सरकारी कार्य को पूरा निजी कंपनी द्वारा ठेके पर लेकर किया जाता है और निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की सोच रहती है कि जिस निर्माण कार्य का उसने ठेका लिया गया है उसमें उसे अधिक से अधिक लाभ होना चाहिये। मगर इस सब पर निगरानी रखने के लिये प्रशासनिक अधिकारी होते है उन्हीं की देखरेख में सरकारी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाते है। नियम के अनुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य को जब तक संबंधित विभाग का जिम्मेदार अधिकारी अपनी ओर से निर्माण संबंधी संतुष्टि प्रमाण पत्र नही देता है तब तक उस निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान नही होता है। मगर गफलतबाजी की गंगा में जब संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर गोता लगा रहे होते है तो फिर किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की उम्मीद करना कहा तक सफल हो सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम भौरझिर से घघरौला पटना के बीच लगभग दो साल पहले बनी हुई डामरीकृत सड़क की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा जिला कलेक्टर से निष्ठा के साथ जांच कराये जाने की मांग उठाई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण के चंद माह बाद टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की जांच होती है तो निश्चित तौर से अनेक जिम्मेदार अधिकारी बेनकाब होने से नही बच पायेगे?

## खबर संक्षेप

### दो साल पहले लिये चार लाख पचास हजार चुकाने के बाद मांगे जा रहे है ग्यारह लाख, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इन दिनों नगर में जिस प्रकार से सूदखोरी का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम इस तरह देखने मिल रहा है कि यदि किसी मुश्बित के दौरान कोई व्यक्ति इन सूदखोरो की चंगुल में फस जाता है तो वह उसकी राशि पटाते पटाते मूल राशि से कुई गुना चुकता करने के बाद भी कभी मुक्त नही हो पाता है और इस स्थिति में लोगों को सूदखोरों से मुक्ति पाने के लिये अपनी जिन्दगी समाप्त करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है..? क्योंकि सूदखोरों की गिरप्त में आये हुये पीड़ितों को यह लोग दिन दुगना रात चौगाना ही बल्कि घंटों के हिसाब से ब्याज जोड़ते हुये प्रताड़ित करने से नही चूकते है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस पुलिस थाने के सामने आई है जहां पर पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि मैने दो साल पहले उधारी के रूप में लिये गये चार लाख पचास हजार रूपया मूलधन तो पूर्ण चुका दिया गया है। मगर अब 11 लाख रूपया की मांग करते हुये आये दिन पीड़ित सहित भाई व पिता को मारने की धमकी दी जा रही है..? घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के बीजासेन मंदिर के पास राधा बल्लभ वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा परिवार बीडी बनाने का काम करता है और मैं ग्राम खुरसीपार हाल एमपीईबी कालोनी निवासी आदर्श पिता राम कुमार अदरूज को जानता हूं। मेरे द्वारा आदर्श से मई 2023 में निजी जरूरतों के चलते पहलीबार 30 हजार रूपये लिये थें। इसके बाद जरूरत पड़ने के चलते मैने फिर 4 लाख 50 हजार रूयये लिये। इसके बाद समय समय पर उसे कैश के रूप में लिये गये पैसे यानि की 4 लाख 50 हजार रूपया व उससे भी अधिक की राशि वापिस कर चूका हूं। वर्तमान में मुझे आदेश को लगभग एक लाख रूपया देना है जिसका मेरे द्वारा द्वारा यूनियन बैक का चैक दिया गया है। प्रार्थी का आरोप है कि मेरे द्वारा आदर्श को जो पैसे दिये है उनसे मुकरने के साथ मनमानी ब्याज दर जोड़ते हुये 11 लाख रूपयों की मांग की जा रही है। इसी तरह मनमाने पैसों की मांग करते हुये आये दिन धमकी देते हुये कहा जाता है कि यदि पैसे नही दिये तो तुझे व तेरे पिता व भाई को जान से खत्म कर दुगा। इस तरह पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के चलते पुलिस ने आरोपी आदर्श के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### आमगांव छोटा में छात्र छात्राओं ने मेले में लगाए स्टाल



**गाडरवारा।** समीपस्थ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव छोटा में मध्यप्रदेश शासन के द्वारा विद्यार्थियों की उद्यमशीलता बढ़ाने हेतु संचालित तेजस्वी मध्यप्रदेश योजना के अंतर्गत 'तेजस्वी मेला' का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस मेले विद्यार्थियों ने उनके द्वारा बनाई गई विभिन्न आकर्षक वस्तुओं का प्रदर्शन कर उनके बनाने की विधि और उनकी उपयोगिता बताई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विजेन्द्र पटेल, मार्गदर्शी शिक्षक अशोक कुमार झारिया और अभिषेक सोनी के साथ समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश की इस योजना के अंतर्गत स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्वाबलंबी और आत्मनिर्भर बनाने हेतु 2000 रुपए प्रति छात्र के मान से प्रोत्साहन राशि/सीड मनी प्रदान की जाती है जिससे वे अनुपयोगी/फेंकने योग्य सामग्री का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की ऐसी वस्तुओं का निर्माण करते हैं जो न केवल उपयोगी होती हैं बल्कि उनको बेचकर कुछ कमाई भी की जा सकती है।

## समाजसेवी मुकेश बसेडिया की पहल से राहगीरों को गर्मी के दौरान पीने को मिलेगा गुड़ चना के साथ शीतल जल




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भीषण गर्मी हो या फिर हो बरसात व हाड कांपने वाली ठंड क्यों ना हो सभी मौसम में लोगों की मदद के लिये सबसे आगे खड़े रहने वाले मुकेश बसेड़िया गाडरवारा ही नही बल्कि आसपास के क्षेत्र में जब किसी असहाय और ज़रूरतमंद की मदद की जब बात आती है तो गाडरवारा के समाजसेवी मुकेश बसेडिया हमेशा वहां आपको खड़े दिखाई देते है...? अब गर्मी के मौसम में भला आपको गाडरवारा शहर में ठंडा पानी ना मिले ऐंसा मुकेश बसेडिया के रहते हुये हो ही नही सकता। दरअसल बीते दिन वैशाख कृष्ण सतुवाई अमावस्या के शुभ अवसर पर रविवार को गाडरवारा नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़यिा द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गुड़ चना के साथ प्याऊ शुभारंभ नर्मदा कालोनी रेवाश्री बुक्स के पास में किया। इस मौके पर सर्व प्रथम कन्याओ का पूजन कर वस्त्र, पठन लेखन सामाग्री प्रदान कर आशीर्वाद लिया। गुड़ चना युक्त प्याऊ का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय हैं कि इस प्याऊ के शुरू होने से भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरो को गुड़ चने के साथ शीतल जल भी मिलेगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बेटियों ,माँ विजयासन, दादा धूनी वाले एवं जल देवता का विधिवत मन्त्रोंचार के द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को गुड़ चने एवं सतुआ प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में मुकेश बसेडिया ने उपस्थित जनो का रुद्राक्ष माला पहनाकर स्वागत किया एवं कहा कि नगर में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आते हैं। इस प्याऊ से उन्हें गुड़ चने के साथ ठंडा जल मिलेगा। बसेडिया का कहना है कि समाजसेवा के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा करना ही उद्देश्य हैं। कार्यक्रम में अतिथि मिनेन्द्र डागा ने कहा कि जीवन में सेवा से बढ़ा कोई काम नहीं हैं। मुकेश बसेड़िया द्वारा हमेशा से ही बेहतर समाजसेवी कार्य किये जाते रहते हैं। सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष महेश अधरुज एवं नागेन्द्र त्रिपाठी ने भी अपने उदबोधन में बसेड़यिा के समाजसेवी कार्यों की प्रशंसा करने के साथ ही उनके द्वारा सर्व मंगल कामना व विश्व कल्याण हेतु परशुराम जयंती के अवसर पर भगवान परशुराम की तपोस्थली मोकामा बिहार की यात्रा हेतु सभी ने फरसे का पूजन कर उन्हें यात्रा की अग्रिम शुभ कामनायें दीं। कार्यक्रम में सत्य नारायण शर्मा, भवानी शास्त्री, हरीश स्थापक, अरुण तिवारी, अशोक भार्गव, संदीप स्थापक, मधुसूदन पटेल, राजेंद्र गुप्ता, मूलचंद पटेल, विनोद गुप्ता, प्रवीण व्यास, मनोज शर्मा, राजेश पचौरी, अतुल, पवन राजोरिया, अनीश भार्गव, अखिलेश शर्मा, मधुर चाचा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रतिदिन हो रहे जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य






**गाडरवारा।** जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक लगातार चलाया जायेगा। अभियान की शुरूआत से ही लगातार जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में शासकीय हाई स्कूल करपगांव में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल संवाद कार्यक्रम में छात्राओं को जल का महत्व और जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्तर प परिवार व अन्य लोगों को जल का सदुपयोग करने और अनावश्यक जल का उपयोग करने से रोकने के लिए प्रेरित किया। जल संवाद कार्यक्रम में मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में भूमिगत जल में निरंतर कमी होती जा रही है। ग्रीष्मकाल में कुओं, तालाबों, झरनों, बावड़ियों तथा नदियों में पानी का स्तर नीचे गिरता जा रहा है। अब हम सभी को एकजुट होकर पुरानी जल संरचनाओं की देखरेख व साफ-सफाई और उनका जीर्णोद्धार का कार्य करना होगा। इसमें सभी लोगों की सहभागिता आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने बताया कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए माह मार्च से जून माह तक नवीन जल संरचनाओं का निर्माण, पुरानी व प्राचीन जल संरचनाओं की साफ-सफाई व उसकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पौधरोपण के लिए गड्ढे तैयार किये जा रहे हैं। आगामी माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर में सघन पौधरोपण किया जायेगा। इसके बाद माह नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी एवं फरवरी माह में बहते जल को रोककर भू- जल स्तर में बढ़ोत्तरी करना है। वही प्राचार्य जगजीवन राम सियोनिया ने छात्रों को जल के महत्व व उसके विवेकपूर्ण उपयोग के लिए स्वयं तथा परिवारजनों की प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान मनोज शर्मा ने बताया कि आज जल बचाएंगे तो वही जल कल हमारे काम आएगा। इस बात को हमें समझना होगा और उसके लिए कार्य करना होगा। इस अवसर पर अनेक शिक्षक मौजूद थे। जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा स्थित धनोरा टोला में जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से जल संरचना कंटूर ट्रेंच- खंती का निर्माण किया गया। इससे भू- जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी और पशु- पक्षियों को पानी की उपलब्धता होगी। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकास खंड सांईखेड़ा की सेक्टर 3 नवांकुर संस्था शिव शक्ति जन कल्याण समिति धनोरा व ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। समिति के अध्यक्ष शिवदिन पटेल ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। इस दौरान हम सभी को अपने गांव के बुजुर्गों से जानकारी प्राप्त कर पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। इस दौरान समिति के सचिव व सदस्य और ग्रामवासी मौजूद थे। ग्राम भौरगढ़ में हुआ दीवार लेखन के माध्यम से किया जागरूक। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की विभिन्न ग्रामों व पंचायतों में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में दीवार लेखन के माध्यम से नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद की विकास खण्ड सांईखेड़ा की नवांकुर संस्था महुआखेड़ा व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भौरगढ़ द्वारा ग्राम भौरगढ़ में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए दीवार श्लोगन लेखन का कार्य किया गया। इसके माध्यम से लोगों को जल के महत्व व उसके समुचित उपयोग का संदेश दिया। साथ ही जल के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नवांकुर संस्था महुआखेड़ा के प्रतिनिधि सत्यपाल सिंह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भौरगढ़ के प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह कीर, परामर्शदाता राजेन्द्र पटेल व ग्रामीणजन मौजूद थे।

## बालसभा में दी विद्यार्थियों को शैक्षणिक जानकारी

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम बनवारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल सभा का आयोजन किया गया। इस बालसभा में प्राचार्य आनंद कुमार चौकसे एवं शिक्षक लालजी प्रसाद कपाड़िया द्वारा बच्चो को ग्रीष्म कालीन में होने वाली शैक्षिक - सहशैक्षणिक विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों एवं शाला स्तर पर समर कैंप में सहभागिता लेने हेतु नामांकन कराना और पर्यावरण संरक्षण के संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

**In The Court Of I Civil Judge Junior Division, District Court, Narsinghpur**

Presiding Officer :राधाकृष्ण यादव

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1918 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

( RCS A/0000010/2019)

गनेशीबाई भारती................वादी

Vs

रेवाबाई पुरी................प्रतिवादी

Process Id -/2022

पेशी दिनांक :- 30/04/2025

प्रो. नं. - 99/2025

प्रेषिती

(1) लक्ष्मी गोस्वामी पति सुरेन्द्र निवासी ग्राम हंषा जिला जलपुर

(2) पुष्पा गोस्वामी पति पटेल गोस्वामी निवासी बारा तहसील देवरी जिला सागर

(3) हक्की गोस्वामी पति दादू पुरी निवासी थारेटगांव झांसी उत्तर प्रदेश

(4) लक्ष्मण गोस्वामी पिता खाज्जूपुरी गोस्वामी निवासी दरगरा जिला सिवनी

(5) कैलाश गोस्वामी पिता खज्जूपुरी गोस्वी निवासी दरगरा जिला सिवनी

यह है कि प्रार्थी गनेशीबाई भारती ने आपके विरूद्व सिविल व्यवहार वाद अ के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावजे जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटरा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 23 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया है।

कृपया ध्यान दे - यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण की सुनवाई में लिया जावेगा।

शील

न्यायाधीश

राधाकृष्ण यादव

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ . खंड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, नरसिंहपुर म.प्र.

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहर खाकर दी अपनी जान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** *जब कोई युवा अपनी जिन्दगी समाप्त करने का निर्णय लेता है तो निश्चित तौर से उसके पीछे कोई न कोई बड़ा कारण छिपा होता है., अब यह बात अलग है कि पुलिस उस सच्चाई का पता लगाने में सफल न हो पाये या फिर सच्चाई को छिपाते हुये अन्य कोई कारण बता डाले..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ सालीचौका में एक युवक द्वारा जहरीली वस्तु खाते हुये अपनी जिन्दगी समाप्त करने के निर्णय को लेकर भी जान पड़ रही है। बताया जाता है कि सालीचौका निवासी भूरा पिता राम प्रसाद कहार उम्र लगभग 30 साल द्वारा अज्ञात कारणों के चलते कोई जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया था। युवक द्वारा जहर खाने के बाद बिगड़ रही स्थिति के चलते परिजन उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा लेकर आये हुये थें। मगर युवक की स्थिति में सुधार नही होने के कारण डाक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय के लिये रेफर किया गया था। जहां पर युवक की उपचार के दौरान मौत होने के चलते पुलिस द्वारा युवक की मौत पर मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है। वही घटना के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।*

## शिक्षण संस्थाओं द्वारा भीषण गर्मी के बीच रैली व सभाओं में किया जा रहा मासूमों का उपयोग, तपन के चलते बीमार पड़ रहे बच्चे



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जहां लोगों के घरों में लगे हुये कूलर पंखे भी साथ देते हुये दिखाई नही पड़ रहे है। वही दूसरी ओर जिस तरह शिक्षा विभाग द्वार अपने नये शिक्षा सत्र की शुरूआत अप्रैल माह में की गई वह बच्चों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। यह बात अलग है कि जिला अधिकारी द्वारा स्कूल संचालन के लिसे सुबह का समय निर्धारित किया गया है। मगर सूर्य देव जिस तरह सुबह से ही अपने तेवर दिखाना शुरू कर देते है उसके चलते भी शिक्षण संस्थाओं में दोपहर 12 बजे तक बच्चों का बैठ पाना मुश्किल होते हुये दिखाई दे रहा है। इसके बाद कुछ शिक्षण संस्थाओं द्वारा मासूम बच्चों का रैली व सभाओं में उपयोग करते हुये धूप के बीच भ्रमण कराया जा रहा है उसके चलते मासूमों को बीमार होते हुये देखा जा रहा है। इस बात की सच्चाई इस समय अनेक शिक्षण संस्थाओं में देखने मिल रही है। क्योंकि बीते हुये दिनों जम्मू काश्मीर में घटित हुई घटना को लेकर अनेक शिक्षण संस्थाओं द्वारा शोक सभा के आयोजन करते हुये रैली निकाली जा रही है। इन रैलियों में मासूम बच्चों को शामिल करते हुये धूप के बीच सड़को पर भ्रमण कराया जा रहा है। इस बात की सच्चाई उस समय देखने मिली जब नगर के कुछ संस्थाओं द्वारा निकाली गई रैली के दौरान मासूम बच्चों को तेज धूप के बीच नगर के झंडाचौक तक ले जाया गया। इसके चलते अनेक बच्चों के अभिभावको को कहना है कि धूप के बीच निकले हुये बच्चें बीमार होने के कारण अभिभावको का शिक्षण संस्था के प्रति आक्रोश फैलते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है..? क्योंकि घटित हुई घटना को लेकर निश्चित पूरा देश शोक व्यक्त करते हुये घटना का निंदा करने में पीछे नही है। वही दूसरी ओर बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि इस दुख से वह भी दुखी है। मगर बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी शिक्षण संस्थाओं की जिम्मेदारी है।






## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय की छात्रा कु. शौर्या साहू का इसरो के "युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम" के लिए चयन



**डिंडौरी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित "यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम" (युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम) के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, धमनगांव (जिला-डिंडोरी) की कक्षा दसवीं की छात्रा कु. शौर्या साहू का चयन हुआ है।कु. शौर्या साहू आगामी मई माह में इसरो बेंगलुरु के 'सतीश धवन स्पेस सेंटर', श्रीहरिकोटा में आयोजित होने वाले "यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम" में भाग लेंगी। गौरतलब है कि श्रीहरिकोटा से ही भारत द्वारा चंद्रमा और मंगल ग्रह पर सेटेलाइट भेजने के लिए रॉकेटों का प्रक्षेपण किया जाता है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन एवं कलेक्टर डिंडोरी श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन तथा संस्था के प्राचार्य डॉ. हर्ष प्रताप सिंह एवं विज्ञान शिक्षक श्री आयुष लहरिया (टीजीटी) के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है विद्यालय परिवार ने कु. शौर्या साहू की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

### मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हितों के लिये सभी जिला मुख्यालयों में करेगा प्रदर्शन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के सभी पत्रकारों के हितों को लेकर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ आगामी 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में सभी जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नाम कलेक्टर को 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपेगे। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार प्रदेश के अन्य जिलों की भांति शहडोल संभाग के शहडोल, अनूपपुर,उमरिया जिले में यहाँ निवासरत सभी प्रदेश ,संभाग एवं जिला पदाधिकारियो की उपस्थिति में अनूपपुर जिलाध्यक्ष राजेश पयासी, शहडोल जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह परिहार एवं उमरिया जिलाध्यक्ष चंद्रकांत द्विवेदी के नेतृत्व में संबंधित जिलों के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। अनूपपुर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली को एक मई को देने की तैयारी कर ली गयी है। इसे लेकर विगत दिवस अनूपपुर में आयोजित संभागीय बैठक में आवश्यक चर्चा की गयी है। शहडोल संभाग के अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने सभी जिला अध्यक्षों से आग्रह किया है कि जिले में निवास रत सभी सम्मानित प्रदेश पदाधिकारी, सभी सम्मानित संभागीय पदाधिकारी और जिले के समस्त पदाधिकारी और सम्मानित सदस्यों को आमंत्रित करें और रैली के शक्ल में जिला कलेक्टर को यह ज्ञापन सौंपेगें।

### अमरकंटक के जंगलों में लगी भीषण आग पर प्रभारी मंत्री ने जताई चिंता

**अमरकंटक।** जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार अमरकंटक के जंगलों में लगी भीषण आग को देख कर चिंतित हो गये। उन्होंने अमरकंटक से लगभग 8 किलोमीटर पहले अपने काफिले को रुकवाया और वाहन से नीचे उतर कर जंगल में लगी आग का स्वतः काफी देर तक अवलोकन किया। जिले के जंगलों मे अज्ञात तत्वों द्वारा आगजनी करने से वन एवं जैविक संपदा को भारी नुकसान हुआ है।

### तेज रफ्तार वाहन ने मोटर साइकिल सवार को मारी टक्कर

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के स्थानीय पुलिस थाना से महज एक किलोमीटर दूर शहडोल पेंड्रा रोड मार्ग के जैन मंदिर तिराहा में मारुति विटारा ब्रेजा चौपहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 सी 3278 के चालक योगेश विक्रम सिंह ने लापरवाही पूर्ण तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी फलस्वरुप मोटरसाइकिल सवार पीयूष कुमार पिता शिव प्रसाद पानी का उम्र 20 साल नंद कुमार गोड 20 साल निवासी ननुहांन जिला डिंडोरी दुर्घटना पश्चात दूर गिरने से गंभीर चोट आई। दोनों घायल युवकों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक में भर्ती कराया गया।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा दिवस पर अमरपुर में व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न

### समाज सुधारक बाबा साहब के विचारों पर विस्तार से हुई चर्चा

डिंडौरी।

शासन की मंशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच एवं कार्यक्रम अध्यक्ष रामनाथ उद्दे, मुख्य अतिथि मानिक लाल यादव, मुख्य वक्ता आकाश नामदेव तथा विशिष्ट अतिथिगण रामकृष्ण यादव, रमेश यादव, पार्वती बर्मन, साहब लाल पुशाम, माखन साहू एवं राम प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पूजन-अर्चन कर किया गया।अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मानिक लाल यादव ने डॉ. अंबेडकर के दलित उद्धारक प्रयासों पर प्रकाश डाला।मुख्य वक्ता आकाश नामदेव ने बाबा साहब के बहुआयामी व्यक्तित्व पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि डॉ. अंबेडकर एक महान शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, पत्रकार, समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता रहे। उन्होंने 32 विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान हेतु कार्य किया। वक्ता ने बाबा साहब की राष्ट्र दृष्टि, सामाजिक समरसता, संविधान निर्माण में भूमिका और स्वतंत्र भारत में उनके योगदान की अल्पज्ञात पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं जैसे रामकृष्ण यादव, माखन साहू, धोबी सिंह परस्ते और राम प्रसाद विश्वकर्मा ने भी अपने विचार साझा किए।इस अवसर पर विकासखंड की प्रस्फुटन समितियों के कार्यकर्ता, बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि अरविंद यादव, गणेश केवट, श्याम सिंह धुर्वे, राकेश कुमार मरावी, मेंटर्स अशोक कुमार यादव, राधेश्याम बनवासी, तिलक सिंह सैयाम, लाल सिंह ठाकुर, मनोज तंतुवाय सहित बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा।



# जनजातीय कार्य के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा से सौजन्य भेंट

**डिंडौरी।** जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा जी से ग्राम-सिमरधा, जिला डिंडौरी में सक्षम डिंडौरी टीम सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के द्वारा संचालित सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत 21वी सदी के जीवन कौशल (Life Skills) विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें विद्यालय में सत्र संचालन के पश्चात बच्चों द्वारा तैयार की गई " मेरी सीख कॉपी" को प्रमुख सचिव महोदय जी के द्वारा अवलोकन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा सीखे गये कौशल, दैनिक जीवन सीख, चित्रकला व बच्चों के द्वारा उनके सपनों देख कर उसकी सराहना किया गया ० उनके द्वारा जीवन कौशल शिक्षा होने वाले बच्चों के जीवन में परिवर्तन पर चर्चा किया गया । इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर, एसडीएम डिंडौरी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समनापुर व शहपुरा, BRC समनापुर एवं सक्षम जिला प्रबंधक महारन प्रताप सिंह जी व ब्लॉक प्रबंधक नीरज तिवारी जी व प्रवीण उपाध्याय जी उपस्थित रहे।

# मैया अभियान के सदस्यों ने पहलगाम हमले के शहीदों को दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि, लिया अनवरत सेवा का संकल्प

डिंडौरी ।



"मैया अभियान" के सदस्यों ने रविवार को माँ नर्मदा स्वच्छता सेवा के अंतर्गत पुल समीप घाटों की सफाई कर सेवा भाव का परिचय दिया। स्वच्छता सेवा हर रविवार प्रातः 7 बजे आयोजित की जाती है। इस अवसर पर घाटों पर फैली प्लास्टिक पन्नियों को एकत्र कर जलाया गया तथा नर्मदा नदी में फैली प्लास्टिक बोतलें, गंदे कपड़े और अन्य दूषित सामग्री को निकालकर घाटों को स्वच्छ बनाया गया। सेवादारों ने लगभग एक ट्रैक्टर कचरा निकालकर घाटों की सफाई की।कार्यक्रम के दौरान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष भारतीयों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, सभी सदस्यों ने अनवरत सेवा का संकल्प भी लिया।स्वच्छता सेवा में डॉ. संतोष परस्ते, वरिष्ठ शिक्षक शाहिद खान, आर. पी. कुशवाहा, शिक्षक जितेंद्र दीक्षित, राम विशाल मिथलेश, भागवत यादव, मनोज चौकसे, आशीष तिवारी, अवध गोहिया, माही, ओमवीर जाट, संतोष परमार और यथार्थ यादव सहित कई सेवादारों ने श्रमदान किया।"मैया अभियान" के यह प्रयास समाज में स्वच्छता, सेवा और समर्पण की मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं।

# रिमझिम बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत

## मौसम के बदले मिजाज ने फिजा में घोली ठण्डक

अनूपपुर।





जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है। एक ओर जहां भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर बेमौसम बारिश और आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रविवार को दोपहर बाद तेज गर्जना और हवाओं के बीच झमाझम बारिश शुरू हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। बारिश के चलते शहरवासियों ने गर्मी से राहत की सांस ली, लेकिन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगीं। खेतों और खलिहानों में रखी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खास तौर पर गेहूं की खड़ी फसल बेमौसम बारिश की मार झेल रही है, जिससे किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण गर्मी के बाद बारिश ने आमजन को राहत पहुंचाई है।

### कोयलांचल मे भी दिखा मौसम का बदलाव

शनिवार रविवार को अचानक शाम से मौसम में बदलाव आ गया आसमान में बादल छा गए शनिवार को रात्रि दस बजे अचानक तेज आंधी तूफान के साथ धूल भरी आंधी चली। लगभग आधे घंटे तक चली आंधी के कारण जहां आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया वही लोगों के दुकानों में लगे नेम प्लेट के बोर्ड उड़कर सड़क पर गिर गए। आधे घंटे तक चले आंधी तूफान से जगह-जगह बड़े-बड़े पेड़ धराशाई हो गए वही आंधी तूफान थमने के बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई। रविवार की सुबह से ही आसमान में बादलों की लुकाछिपी होती रही। दोपहर दो बजे के बाद तेज आंधी तूफान चलने के बाद बारिश शुरू हो गई और लगभग 1 से 2 घंटे तक लगातार बारिश होती रही । जिसके कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई भी बाधित हो गई।

### विद्युत सप्लाई हुई बाधित

तेज आंधी तूफान के कारण जहां कोतमा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र एवं कोयलांचल क्षेत्र के दो दर्जन गांव में बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी जिसे दो से तीन घंटे के मेंटेनेंस के बाद बिजली की सप्लाई शुरू की गई। सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता लालमणि प्रजापति ने बताया कि रविवार को दोपहर मे अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण आधे घंटे तक तेज आंधी तूफान चली जिसके कारण कोतमा नगर में कई जगह बिजली के तार के ऊपर पेड़ गिर जाने के कारण बिजली का तार टूट कर जमीन मे गिर गया। कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र मे में बिजली के तार के ऊपर पेड़ गिर गया जिसके कारण बिजली सप्लाई बाधित हो गई। अचानक आए मौसम में बदलाव के कारण जहां लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली वही मौसम बदलने के कारण मौसमी बीमारियां भी तेजी से फैलेगी।

### अमरकंटक में बारिश के बाद मौसम हुआ सुहाना

प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में रविवार दोपहर से तेज आंधी तूफान के बाद संध्या काल 6ः बजे से जोरदार तेज बारिश हुई, इसके चलते तापमान काफी नीचे आ गया है अमरकंटक नगर में दोपहर से ठंडी ठंडी तेज हवाएं चल रही थी। दोपहर 2ः बजे अमरकंटक का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था तत्पश्चात भारी तेज आंधी तूफान के चलते पारा लगभग आठ डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया फल स्वरुप मौसम बहुत सुहाना हो गया। बाहर से आए पर्यटक तीर्थ यात्री ठंडी-ठंडी हवाओं के चलते काफी खुश नजर आए तथा साप्ताहिक बाजार में आए दुकानदार भी गर्म कपड़े खोजने मजबूर हुए। समाचार लिखे जाने तक लगभग 1 घंटे से पवित्र नगरी अमरकंटक में झमाझम बारिश हो रही है। पवित्र नगरी अमरकंटक में दोपहर से हो रहे आंधी तूफान के चलते एवं बारिश के कारण नगर की विद्युत व्यवस्था बाधित है।

# प्रभारी मंत्री ने बीजापुरी में कारीगर वर्कशॉप में पारंपरिक कला का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा है कि बीजापुरी नंबर 01 की स्थानीय प्रतिभा के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। स्थानीय कलाओं के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय कला को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए लोकल फॉर वोकल का फॉर्मूला देश को बताया है, जिस फार्मूले को अपनाकर हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं हमारी सरकार कार्य कर रही है।



प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर जिले के ग्राम बीजापुरी नंबर वन में कारीगर वर्कशॉप में पारंपरिक कला के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीजापुरी नंबर 01 को एक आदर्श पर्यटक ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां की कला, संस्कृति और परंपराएं अत्यंत समृद्ध हैं और इनका संरक्षण न केवल हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और रोजगार के नए द्वार खोलने का भी माध्यम है। यहां की सांस्कृतिक विरासत, कला एवं परंपराओं को संजोकर उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण व संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। बीजापुरी नंबर वन गांव अपनी सांस्कृतिक पहचान, जीवंत परंपराओं और कला के लिए जाना जाता है, जिस पर पूरे जिले को गर्व है। यहां की संस्कृति को संरक्षित कर उसे पर्यटन से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

**किया पारंपरिक कला का निरीक्षण-** प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने पारंपरिक हस्तशिल्प, चित्रकला, बांस शिल्प और लौह कला का निरीक्षण भी किया और स्थानीय कारीगरों की प्रतिभा की सराहना की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर इन विभिन्न कलाओं के संबंध में विधिवत जानकारी प्राप्त की।ग्रामीणों में दिखा उत्साह प्रभारी मंत्री द्वारा गांव की विभिन्न कलाओं का निरीक्षण करते समय स्थानीय करीगरों और शिल्पकारों ने अपने कार्यों का प्रदर्शन किया। उन्होंने पारंपरिक तरीके से बनाए गए हस्तशिल्प, बांस से बनी वस्तुएं, लोहे की सुंदर कलाकृतियां और लोककला के विविध रूपों को प्रस्तुत किया। प्रभारी मंत्री ने इन सभी प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ग्रामीण प्रतिभाओं की सच्ची झलक है।

# अमरकंटक में लगे पाकिस्तान एवं आतंकवादियों के मुर्दबाद के नारे

अमरकंटक।

विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर 28 हिंदू पर्यटक यात्रियों पर कायराना पूर्ण की गई निर्मम हत्या से आम लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है सभी सरकार से आतंकवाद एवं उनके आकाओं पर सख्त से सख्त कार्यवाही की सरकार से मांग कर रहे हैं सभी ने कहा सरकार आतंकवाद का जड़ से खत्म करें ना रहे बांस और ना बजेगी बांसुरी। आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता वे मानवता के दुश्मन है उनका नेस्तनाबूद करना ही आवश्यक है। पवित्र नगरी अमरकंटक के पावन सलिल नर्मदा नदी के रामघाट तट में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों, पर्यटक तीर्थ यात्रियों, एवं वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य, जनप्रतिनिधियों ने शांति कुटी आश्रम के सामने से रामघाट तक शहीदों के आत्मा की शांति हेतु कैंडल मार्च निकालकर विनम्र



भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने आक्रोशित होते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवादी मुर्दाबाद भारत माता की जय हम सब एक हैं के गगन भेजी नारे लगभग आधे घंटे तक लगाए। श्रद्धांजलि सभा का संचालन डॉक्टर परमानंद तिवारी एवं श्यामलाल सेन ने संयुक्त रूप से किया। लगभग आधा सैकड़ा से भी अधिक लोगों ने समवेत कहा कि भारत सरकार अब आतंकवादियों एवं उनके समर्थकों का खात्मा करें अब समय आ गया है कि आतंकवाद का समूल नष्ट होना चाहिए उनको जड़ से उखाड़ कर फेंक दे। सभी लोग भाव बिहबल दिखे। शोक श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ के डॉक्टर अभिजीत तिवारी डॉक्टर गरिमा तिवारी श्रीमती गिरजा शुक्ला डॉक्टर निराजना तिवारी पर्यटक तीर्थ यात्री वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी राजकुमार दुबे डॉक्टर परमानंद तिवारी राम नरेश तिवारी डी एस राव शशि सुहाने राधेश्याम उपाध्याय रामसरोवर द्विवेदी निलेश गौतम सभी सेवानिवृत कर्मचारी पार्वती सिंह उईके अध्यक्ष नगर परिषद रज्जू सिंह नेताम उपाध्यक्ष पार्षद विमल दुबे उषा सिंह उईके, रोहित लाल त्रिपाठी लखन द्विवेदी राहुल तिवारी आचार्य सरस्वती शिशु मंदिर श्याम लाल सेन अध्यक्ष कांग्रेस हरि सिंह उईके पत्रकार धनंजय तिवारी श्रवण उपाध्याय उमाशंकर पांडे मुन्नू सोमू दुबे सभी जन उपस्थिति एवं शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### आग बुझाने गया दमकल खेत में फंसी

**नरसिंहपुर**। रविवार को नगर के भटिया टोला मे खेत पर लगी नरवाई में आग लगने की सूचना पर आग बुझाने गई दमकल वाहन बीच खेत मे फस गया। बताया गया कि नरवाई मे लगी आग आसपास के खेत मे फैल रही थी जिसकी सूचना नगर पालिका को दी गई थी तब दमकल वाहन पहुंचा लेकिन वाहन बीच खेत में फस गया। आसपास के किसानों द्वारा ट्यूबेल से पानी सीचकर आग पाया काबू पाया गया। वही नगर पालिका कर्मियों को दमकल वाहन को निकालने मे काफी परिश्रम करना पड़ा।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**नरसिंहपुर**। गत दिवस घर पर काम कर रही महिला को सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चावरपाठा निवासी महिला को सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस मे पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### रेल से कटा युवक, मौत

**नरसिंहपुर**। गत दिवस रेलवे स्टेशन के समीप युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था मे मिला। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीपक पिता खुमान सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी नयागांव का शव रेलवे लाइन पर मिला। जीआरपीएफ द्वारा शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा तैयार कर शव को परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां पर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### घने बादलों ने बरसाई फुहार



**नरसिंहपुर**। रविवार को ढलती दोपहर को घने बादलों ने हवा के साथ फुहार भरी बारिश कर लोगों को गर्मी से राहत दी। बीते दो दिनों से घने काले बादल मडरा रहे थे जो रविवार की दोपहर तकरीबन 3 बजे बरस पड़े। जिससे मौसम में ठंडक तो आई लेकिन यह बारिश कई प्रकार की बीमारियों को भी जन्म देगी। हालाकि तपती दोपहरी की तपन से लोगों को राहत मिली। जिले के कई स्थानों पर रिमझिम बारिश हुई तो कही पर हवा का जोर रहा लेकिन तापमान मे गिरावट सभी जगह कम रही। महज दो - दो मिनिट दो बार हुई बारिश से काफी राहत भी महसूस हुई। हवा और बारिश का मुख्य रूप से असर रविवार को लगने वाले बाजर पर पड़ा हवा के कारण दुकानदारों के तंबू, पानी, तिरपाल भी उड़त नजर आए और बाजार प्रभावित रहा।

### वेतन रोकने व वरिष्ठ कार्यालय को पत्रचार करने की दी जाती धमकी

संकुल प्रभारी डीडओ अंजय विश्वकर्मा द्वारा शालाओं के निरीक्षण के दौरान शालाओं के वित्तीय अभिलेखों की जबरन जांच के दौरान विभिन्न प्रकार की कमियाँ निकाल कर वित्तीय अभिलेखों एवं शालाओं के अन्य रिकार्डों की फोटो खींचकर तथा पंजियों को अपने साथ ले जाकर व बाद में स्पष्टीकरण के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रश्न व कमियां निकालकर वित्तीय अनियमितताओं के नाम पर तथा स्पष्टीकरण का जवाब संतोषप्रद न होना बताकर एक माह के वेतन रोकने एवं वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार करने के नाम पर विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जाता है और संस्था प्रमुखों व शिक्षकों कार्रवाई से बचाने के नाम पर राशि की वसूली संबंधितों के द्वारा की जाती है। शिक्षक द्वारा राशि नहीं दिए जाने पर संबंधितों के द्वारा इनके संपर्क के किसी व्यक्ति के नाम आरटीआई लगाकर मीडिया या पत्रकार पहुंचाकर सेटलमेंट के नाम पर इनके द्वारा राशि की वसूली की जाती है और शिक्षकों को मानसिक शारीरिक आर्थिक परेशानियां दी जाती है।

## घटना को अंजाम देने के बाद से फरार थे आरोपी

# सुपारी गैंग को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जान से मारने की ली थी सुपारी

नरसिंहपुर। जिले मे बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वार निरंतर कार्रवाई की जा रही है लेकिन अपराध कम होते नजर नही आ रहे है। जिले आए दिन नए अपराधी उत्पन्न होते जा रहे है जो जिले वासियों के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे है। बीते दिनों युवक को चलती गाड़ी मे चाकू मारने वाली सुपारी गैंग का पुलिस ने पर्दाफास करते हुऐ सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की गई। बताया गया कि आरोपियों द्वारा युवक को जान से मारने के एवज मे दस हजार रूपए मे सुपारी ली थी और चलती गाड़ी मे चाकू मारकर घटना कारित की गई थी।



### मामला इस प्रकार

बीते 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे युवक को रास्ते मे कुछ लोगो द्वारा चाकू मार कर घायल कर दिया गया। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया था। उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा और आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। उक्त मामले मे बताया गया कि उन्हे युवक को जान से मारने के लिए सुपारी दी गई। घटना के बाद आरोपियों द्वारा सुपारी देने वाले से 8500 रुपए की राशि भी ली गई। उक्त मामले मे पुलिस ने 04 आरोपी एवं 01 विधि विवादित बालक को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लिया गया अभिरक्षा में, आपसी विवाद के चलते दिया गया घटना को अंजाम दिया था।

### ये थी घटना

थाना कोतवाली अंतर्गत राज जाटव निवासी आमगांव बडा द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया था कि वह उसका दोस्त आदित्य जाटव और अन्य साथी भीम राव अंबेडकर जयंती रैली में करेली से नरसिंहपुर आ रहे थे। ग्राम कठौतिया में मरघट के पास में उसके दोस्त आदित्य जाटव को करेली के रहने वाले विपिन जाटव ने झंडा ना देने की बात से विवाद कर जान से मारने की नीयत से बडे चाकू से पेट में मार दिया है जिसे इलाज हेतु मेडिकल अस्पताल जबलपुर रेफर किया गया जो उक्त प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली जिला नरसिंहपुर में अपराध क्र. 269/2025 धारा 296,109 (1), 351(3) बी.एन.एस.का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### घटना के पूर्व बनाया था प्लान

आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबिरों एवं तकनीकी माध्यमों से पतासाजी की गयी जिस पर हरिशंकर उर्फ विपिन जाटव पिता धनीराम जाटव, उम्र 19 साल, नि. ग्राम कोदसा को ग्रांम आमगांव-गोबरगांव रोड नहर के पास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी। आरोपी हरिशंकर उर्फ विपिन जाटव के द्वारा बताया गया कि आमगांव के रहने वाले परिचित एक नाबालिक बालक ने उसे फोन कर बताया था कि आदित्य जाटव जिम जाने की बात को लेकर उसे गाली गलौज व मारपीट करता है। आदित्य जाटव को मारना है बदले में तुम्हें 08-10 हजार रूपये दे दूगाँ। करेली के कटहल पेट्रोल पंप के पीछे विपिन जाटव, निकिल जाटव, अमन जाटव, गोल्डी जाटव व एक नाबालिग लडके ने अंबेडकर जयंती की रैली में आदित्य जाटव को मारने की योजना बनाये थी। जो कि रैली करेली से प्रारंभ होने पर विपिन के व्दारा आदित्य से झंडे मांगने की बात को लेकर एक-दो बार विवाद किया गया एवं ग्राम कठौतिया में मरघटाई मे पुनः झंडा मांगने की बात लेकर विवाद किया गया ग्राम कठोतिया में मरघटाई के पास आदित्य जाटव मोटर सायकल किनारे खडे कर खडा हुआ जहाँ विपिन के व्दारा उसे गाली गलौच की गयी एवं विपिन आदित्य जाटव से झूमा झटकी करने लगा तो निखिल जाटव, अमन जाटव, गोल्डी जाटव व नाबालिक बालक ने बीच-बचाव करने के बहाने से आदित्य के दोनों हाथों को पकड लिया एवं मौका देखकर विपिन ने अपने पास रखे बडे चाकू से आदित्य को जान से मारने की नियत से पेट में चाकू मार दिया था और वहाँ से अमन की मोटर सायकल से भाग गया था।

### घटना में उपयोगी सामग्री जब्त

आरोपियों के मध्य हुए वादे के मुताबिक काम हो जाने के बाद अन्य आरोपियों ने मिलकर विपिन जाटव को नगद 8500 रु दिए थे। आरोपी विपिन जाटव से घटना में प्रयुक्त बडा चाकू, मोटरसायकल एवं एक मोबाईल जप्त कर आरोपी गिरफ्तार किया गया है। उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपी हरिशंकर उर्फ विपिन जाटव उम्र 19 साल नि. ग्राम कोदसा, निखिल जाटव पिता दिनेश जाटव उम्र 19 साल नि. आमगांव बडा, अमन पिता भूरेलाल जाटव उम्र 20 साल नि. आमगांव बडा, ललित उर्फ गोल्डी पिता सतीश जाटव उम्र 20 साल नि. मातावार्ड गाडरवारा नरसिहंपुर एवं एक विधि विवादित बालक को अभिरक्षा में लिया गया है।

## डॉ. अम्बेडकर के सम्मान में हुई विचार गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी जिला नरसिंहपुर द्वारा जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 'सम्मान संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया।




कार्यक्रम मे पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल, गोटेगाव विधायक महेंद्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, गोटेगाव नपा अध्यक्ष श्रीमती पूनम ठाकुर, चंद्रभान मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने वन्देमातरम का गायन किया तत्पश्चात कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक ने कहा कि विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के अतिरिक्त विचार गोष्ठियां भी आयोजित की जा रही है, जिनका उद्देश्य है, बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा और संविधान की मजबूती को लेकर सकारात्मक माहौल तैयार करना। जनता को जागरूक करने का कार्य भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया। कार्यक्रम मे राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक ने विचार रखते हुए कहा कि डा. अंबेडकर को लेकर पार्टी की विचारधारा और नीतियों पर प्रकाश डाला साथ ही कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को सही मायने में आगे बढ़ाया है। भाजपा की विचारधारा और बाबा साहब के विचारों में समानता है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र बाबा साहब के दर्शन से ही प्रेरित है। भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कहा कि कांग्रेस ने केवल बाबा साहब का नाम इस्तेमाल किया, लेकिन उन्हें कभी सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के विचारों का सम्मान किया और उन्हें सही मायने में श्रद्धांजलि दी। बाबा साहब का सपना था कि हर नागरिक को समान अवसर मिले। कार्यक्रम मे यूपीएससी मे 363 वी रैंक हासिल करने वाले शैलेन्द्र चैधरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे जान गवाने वाले नागरिको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष शंकर चैधरी ने किया तथा आभार भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डा भरत मेहरा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे अनुसूचित जाति वर्ग के प्रबुद्धजन एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीड मनी, स्व-उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन

**रसिंहपुर**। विगत दिवस पी एम श्री शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल मुंगवानी में तेजस्वी मध्य प्रदेश की चमक 212 छात्रों को 4.24 लाख की सीड मनी, स्व-उद्यमिता का नया सवेरा मुंगवानी, 26 अप्रैल 2025 मध्य प्रदेश शासन के समग्र शिक्षा अभियान और उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तेजस्वी सीड मनी वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की 37 टीमों के 212 छात्र-छात्राओं को 4,24,000 रुपये की राशि उनके बैंक खातों में प्राचार्य फूल सिंह मेहरा द्वारा हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की शीर्ष 10 टीमों ने अपने नवाचार से सजे स्टॉल्स पर उत्पादों का शानदार प्रदर्शन किया। हस्तशिल्प से लेकर खाद्य उत्पादों तक, इन रचनात्मक कृतियों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। अतिथियों ने छात्रों की उद्यमशीलता और उनके उत्पादों की गुणवत्ता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समारोह में ग्राम पंचायत मुंगवानी के सरपंच निरंजन सिंह राजपूत, स्थानीय युवा उद्यमी अभिषेक गुप्ता, हाई स्कूल देवनगर की प्राचार्या श्रीमती अलका ठाकुर, हाई स्कूल डुडवारा के प्राचार्य राजेश रैकवार, हाई स्कूल गोंगावारी के प्राचार्य रामगोपाल ठाकुर सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्राचार्य श्री मेहरा का उद्बोधन उद्यमिता आपके भीतर छिपी अनंत संभावनाओं को जगाने का मार्ग है। अपने सपनों को पंख दें, छोटे-छोटे कदमों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ें। आपका एक विचार न केवल आपका भविष्य, बल्कि पूरे समाज को रोशन कर सकता है। इसलिए मुझे यहाँ के बच्चों को स्व-रोजगार की ओर बढ़ते देख बड़ी प्रसन्नता हो रही है। युवा उद्यमी अभिषेक गुप्ता का उद्बोधन युवा शक्ति वह चिंगारी है जो बदलाव की आग जलाती है। बाजार की चुनौतियों को अवसर समझें। एक सफल व्यवसायी अपनी 100 ऊर्जा खुद को आगे बढ़ाने में लगाता है, जबकि असफल व्यवसायी दूसरों को गिराने में। अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएँ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। छात्रों के उत्पादों की रचनात्मकता और उनकी उद्यमशीलता की भावना ने सभी को प्रभावित किया।



## बारूरेवा नदी में बनाया गया 60 बोरियों का बंधान



**नरसिंहपुर**। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान आगामी 30 जून तक लगातार चलाया जायेगा। अभियान की शुरुआत से ही जिले में लगातार जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद करेली की संस्थाओं द्वारा ग्राम कठोतिया के बारूरेवा नदी में 60 बोरियों का बंधान किया गया। यह बोरी बंधान जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्रभावी पहल है। जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद द्वारा बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई के लिए नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सी एम सी एल डी पी के छात्र-छात्राओं, परामर्शदाताओं, स्वैच्छिक संगठनों और आम नागरिकों की सहभागिता निरंतर किया जा रहा है। इसके साथ- साथ ग्राम चौपाल, रंगोली प्रतियोगिता, जन संवाद, संगोष्ठी, रैली, शपथ, दीवार लेखन आदि के कार्य किये जा रहे हैं। इस कार्य में नवांकुर संस्था समन्वयक विजय चैधरी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव रामराज कुर्मी, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, कामता प्रसाद प्रजापति, नीरज, संतराम ठाकुर, राम कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लीनेस क्लब वीरांगना ने खुलवाई प्याऊ

**नरसिंहपुर**। आम नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लीनेस क्लब द्वारा तिंदनी रोड तिराहे स्थित बरिया वाले हनुमान मंदिर में प्याऊ खुलवाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों और राहगीरों को शीतल पेय जल के साथ वेल शर्बत और सत्तु का वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य को क्लब की मल्टीपल डायरेक्टर एवं संरक्षक ली. रूपकला कटारे, पूर्व एरिया ऑफिसर ली. अर्चना राय, पूर्व अध्यक्ष ली. पूनम जैन के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में लीनेस क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया, उपाध्यक्ष ममता नामदेव, सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, सक्रिय सदस्य रेनु नौरिया, उर्वशी पाठक, ज्योत्सना राय, रजनी सिंघई, पुष्पा साहू, प्रीति गोस्वामी, प्रीति राय, प्रीति सोनी, विनीता चैरसिया, नीता राय एवं सोनल नामदेव आदि मौजूद रहीं। साथ ही पहलगाम में निर्दोष हिंदू सैलानियों के आतंकी हमले में मारे जाने की हृदय विदारक घटना के विरोध में शांति पूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाने की मांग भी की गई।



## महिला जगृति मंच द्वारा पहलगांव में दिवंगत लोगों को दी श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर**। गत दिवस राष्ट्रीय महिला जगृति मंच द्वारा स्थानीय पंचमुखी हनुमान पर बेल का शर्बत एवं सत्तू का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि जागृति मंच द्वारा प्रतिवर्ष सत्तू एवं बेल के शर्बत का वितरण किया जाता है। बड़ी संख्या में लोगो का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया गया। वर्तमान में देश अत्यधिक विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। विश्व शांति हेतु मात्रशक्तियो द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और पहलगांव के नरसंहार में हुए मृतको की आत्मशांति हेतु श्रीराम स्तुति का पाठ कर दीपक हाथ मे लेकर उन्हें श्रधांजलि दी गई। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमतीं अरुणा दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमतीं सुनन्दा भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमतीं शालिनीं दुबे, जिलाध्यक्ष श्रीमतीं ज्योति तिवारी, संरक्षक श्रीमतीं सरला पांडे, उपाध्यक्ष पूर्णिमा शुक्ला, नीरा बुधौलिया, मंजुलता पांडे, सपना शर्मा, प्रियंका पाठक, प्रीति गोस्वामी, रेणु नौरिया, की उपस्थिति सराहनीय रही।

## श्मशान घाट पर सुविधाओं का अभाव, असामाजिक तत्व तोड़ रहे कुर्सियां, ले गये जाली तार और एंगिल

**तेंदूखेड़ा**। तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा के शासकीय अस्पताल के पीछे तरफ का श्मशान घाट अभावग्रस्त बना हुआ है। यहां पर समय के हिसाब से सुमिचित सुविधाओं की जरूरत है। पूर्व में यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से तार जाली लगाई गई थी। शवयात्रा में जाने वाले लोगों को बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सियां भी रखी गई थी। छाया दार पौधे भी लगाये गये लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा यहां की सामग्री ले गए तो बैठने वाली कुर्सियां भी तोड़कर फेंक दी है। इतना ही नहीं बल्कि शव रखने वाली जगह लकड़ी जमाने वाले स्थान की एंगिल तक निकाल कर ले जा रहे हैं। जिससे लकड़ी जमाने में भी अब परेशानी होने लगी है।

### अलग-अलग शेड बनाने की जरूरत

जनसंख्या के बढ़ते घनत्व को दृष्टिगत रखते हुए यहां पर शवदाह हेतु दो अलग-अलग शेड बनाये जाने की महती आवश्यकता है। वर्तमान में यहां पर मात्र एक ही शेड बना हुआ है







जिसमें तीन शव दाह करने की ही व्यवस्था बनीं हुई है लेकिन एक साथ तीन शव दाह करने में तेज आंच के कारण लोगों को परेशानी हुआ करती है।अब यहां पर अलग से एक शेड और बनाये जाने की जरूरत है जिसमें तीन और अलग शवदाह केंद्र बनाये जाये।छतिग्रस्त केंद्रों को भी सुधारे जाने की जरूरत है।बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्थित छायादार शेड तथा बैठने के लिए सीमेंट कुर्सियां रखे जाने की भी आवश्यकता है।

### नहीं है पानी की व्यवस्था

यहां पर सबसे बड़ी समस्या पानी की है परिसर में लगा हेडपंप खराब पड़ा हुआ है। पीड़ित जरूरत वर्ग को पानी प्लांट के पानी के लिए जाना पड़ता है। श्मशान परिसर में ही पानी की व्यवस्था और टांक नहाने हाथ पैर धोने की व्यवस्था बनाये जाने की जरूरत है।

### होती है शराबखोरी

यहां पर सबसे बड़ी समस्या कुछ असामाजिक लोगों को रात्रि के समय बैठकर शराबखोरी की जाती है।गंदगी फैलाई जाती है। यहां पर अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को भी परेशानी हुआ करती है तथा अंतिम संस्कार के उपरांत फालतू सामग्री छोड़कर चले जाते हैं जिससे गंदगी पूर्ण स्तिथि देखने को मिला करती है।